# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक/परीक्षा/2025/285 रीवा, दिनांक 19/02/2025

## अधिसूचना

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के अन्तर्गत महाविद्यालयीन स्नातक प्रथम वर्ष एन0ई0पी0 वार्षिक परीक्षा 2025 के परीक्षा फार्म पोर्टल पर छात्रों द्वारा भरने हेतु तभी उपलब्ध होंगे जब एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर उन समस्त छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन/प्रोजेक्ट एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक महाविद्यालय द्वारा भरे जा चुके होंगे।

अतः महाविद्यालयीन प्राचार्य/संचालकों को निर्देशित किया जा रहा है कि एन0ई0पी0 प्रथम वर्ष के समस्त छात्रों के प्रायोगिक, आन्तरिक मूल्यांकन का कार्य दिनांक 21.02.2025 से 10.03.2025 तक सम्पन्न कराकर एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर उनके प्राप्तांक अनिवार्यतः फीड करावे एवं छात्रों द्वारा गृहीत विषय का सत्यापन कार्य भी किया जावें। महाविद्यालय द्वारा जिन छात्रों के अंकों की प्रविष्टि पोर्टल पर हो जावेगी उन्हीं छात्रों के
परीक्षा आवेदन भरने हेतु पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। छात्रों के परीक्षा फार्म दिनांक 24.02.2025 से 20.03.2025 तक भरने हेतु उपलब्ध रहेंगे। इसके पश्चात पोर्टल बंद होने पर परीक्षा फार्म भरने हेतु उपलब्ध नहीं होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. माननीय कुलगुरू जी के सचिव/कुलसचिव जी के निज सहायक।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल (म0प्र0)।
3. क्षेत्रीय/अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, रीवा संभाग, रीवा (म0प्र0)।
4. समस्त प्राचार्य/संचालक सम्बद्ध अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
5. प्रभारी एम0पी0 ऑनलाइन, भोपाल को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त घोषित अवधि में पोर्टल अनिवार्यतः छात्रों के अंक फीड कराने हेतु अंतिम तिथि तक खोला जावे।
6. सहायक कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा को निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय द्वारा भेजें गये अंको की हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं करेंगे। स्वीकार किये जाने की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

परीक्षा नियंत्रक